# श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस और बैंक ऑफ बड़ौदा आईक्विप्पो प्लेटफॉर्म के जरिए संयुक्त लोन देंगे

## इन लोन से बी2बी, बी2सी सेगमेंट को उत्पादों की क्रॉस-सेलिंग कर फायदा मिलेगा

**कोलकाता, 18 अप्रैल, 2019: श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड** (''श्रेई'') के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी **श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड** (''एसईएलएल'') और भारत के दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने आज रणनीतिक साझीदारी करने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत, दोनों साथ मिलकर इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट के लिए को-लेंडिंग व्यवस्था के तहत संयुक्त लोन की पेशकश करेंगे।

कनोरिया फाउंडेशन की एक पहल **आईक्विप्पो** इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोन की सोर्सिंग का काम करेगी।

इस भागीदारी से एसईएफएल और बैंक ऑफ बड़ौदा मिलकर काम करेंगे और अपने-अपने बाजारों तथा ग्राहक आधार को विस्तृत करेंगे। इस रणनीतिक गठबंधन के जरिए यह भागीदार एक-दूसरे के ग्राहकों को एक-दूसरे के उत्पाद बेचने में सक्षम होंगे। इनकी पेशकशों में बिजनेस टू बिजनेस (''बी2बी) और बिजनेस टू कस्टमर (''बी2सी''), दोनों प्रस्ताव शामिल होंगे।

दोनों भागीदार प्लेटफॉर्म द्वारा मुहैया की जाने वाली लोन ओरिजिनेशन, लोन ड्यूज कलेक्शन, उपकरण की नीलामी, उपकरण के मूल्यांकन और कई अन्य सुविधाओं के लिये अनूठे डिजिटल मार्केटप्लेस **आईक्विप्पो** के प्लेटफॉर्म का उपयोग भी करेंगे। **आईक्विप्पो** के लगभग 70,000 से अधिक ग्राहक हैं और **आईक्विप्पो** के माध्यम से करीब 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के लोन दिये जा चुके हैं, इस प्रकार एसईएफएल और बैंक ऑफ बड़ौदा साथ मिलकर कंस्ट्रक्शन एवं माइनिंग इक्विपमेंट (''सीएमई''), टिपर्स, आईटी और संबद्ध उपकरण, मेडिकल और संबद्ध उपकरण और कृषि उपकरण के लिये लोन और अन्य सेवाओं की पेशकश करेंगे।

इस भागीदारी पर टिप्पणी करते हुए **श्रेई के वाइस चेयरमैन श्री सुनील कनोरिया** ने कहा, ''बैंक ऑफ बड़ौदा का ट्रैक रिकॉर्ड, ब्राण्ड अपील काफी मजबूत है और उन्हें ग्राहक सेवाओं में तगड़ा अनुभव है, जिसे श्रेई के ज्ञान, अनुभव और उपकरण वित्त क्षेत्र में सशक्त भागीदारियों का साथ मिलेगा। यह गठबंधन व्यवसायों और ग्राहकों के लिये महत्व का निर्माण करेगा और इक्विपमेंट फाइनेंस बिजनेस में हमें अग्रणी बनाये रखेगा।''

**आईक्विप्पो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अनंत राज कनोरिया** ने कहा, ''हम भारत के दूसरे सबसे बड़े बैंक को अपने भागीदारों की सूची में पाकर रोमांचित हैं। अपनी पहुँच और नेटवर्क के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा हमारे रिस्क इंजन और डिजिटल प्रोसेस का उपयोग करेगा, ताकि नये ग्राहक मिलें, खासकर एसएमई और एमएसएमई क्षेत्र में। बैंक ऑफ बड़ौदा के अनूठेपन से हम रणनीतिक ग्राहकों और फ्लीट ऑनर्स को सेवा प्रदान कर सकेंगे, जिन्हें बैंक की विविध उत्पाद पेशकशों का लाभ मिलेगा। हम प्रौद्योगिकी की मदद से अपने भागीदार को सहयोग देंगे, ताकि ग्राहकों को बाधारहित सेवाएं एक बटन को क्लिक कर मिल सकें और प्रक्रिया में दक्षता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित हो।''

**श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री देवेन्द्र कुमार व्यास** ने कहा, ''श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस और बैंक ऑफ बड़ौदा की संयुक्त शक्ति हमारे ग्राहकों के लिये अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगी। किफायती फाइनेंसिंग तक पहुंच के अलावा, वे खोजपरक बैंकिंग उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को भी एक्स्प्लोर कर पाएंगे। यह भागीदारी बैंक ऑफ बड़ौदा की विस्तार योजनाओं को भी सहयोग देगी, क्योंकि इससे नये ग्राहक वग और क्षेत्रों तक पहुँचने में मदद मिलेगी।''

**बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पी.एस. जयकुमार** ने कहा, ''बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं आवास परियोजनाओं के समयबद्ध और कम खर्च वाला होने के लिये मशीनीकरण जरूरी है, और इसमें हो रही बढ़ोतरी के मद्देनजर उपकरण की सुदृढ़ फाइनेंसिंग की जरूरत बहुत ज्यादा है। हम श्रेई के साथ भागीदारी कर प्रसन्न हैं और इसके तथा अन्य प्रयासों के माध्यम से उपकरण वित्त उद्योग के विकास में योगदान देंगे और निर्माण उपकरण के लिये मेक इन इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे।''

**श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड के विषय में :**

श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड ("श्रेई इक्विपमेंट"), श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड ("श्रेई") की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। यह निर्माण एवं माइनिंग इक्विपमेंट फाइनेंसिंग में उद्योग अग्रणी है। 30 सितंबर 2018 तक कंपनी 90 शाखाओं के साथ अखिल-भारतीय उपस्थिति का आनंद उठा रही है। श्रेई इक्विपमेंट के पास एक अनुभवी प्रबंधन टीम है जिसे वित्तीय सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय विशेषज्ञता प्राप्त है।

**बैंक ऑफ बड़ौदा के विषय में :**

बैंक ऑफ बड़ौदा ("बैंक") की स्थापना 20 जुलाई 1908 को की गई थी। यह एक भारतीय स्टेट-ओन्ड बैंकिंग और फाइनेंशियन सर्विसेज संस्थान है। इसका मुख्यालय भारत के गुजरात के वड़ोदरा (पूर्व में बड़ौदा) में स्थित है। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्राहकों के नजरिये से भारत में पब्लिक सेक्टर में दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। देश भर में इसकी मजबूत घरेलू उपस्थिति है, जिसे सेल्फ-सर्विस चैनलों द्वारा समर्थन प्राप्त है। बैंक ने 9,500 से अधिक शाखाओं, 13,400 से अधिक एटीएम के माध्यम से अपनी पहुंच स्थापित कर रखी है और 120 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों को सेवायें प्रदान कर रहा है। बैंक के 21 देशों में 101 शाखायें/कार्यालय हैं और इसके माध्यम से इसकी एक उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है। बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगियां भी हैं, जिनमें बीओबी फाइनेंशियल सॉल्यूशन्स लिमिटेड (अर्स्टवाइल बीओबी कार्ड्स लिमिटेड) और बीओबी कैपिटल मार्केट्स शामिल हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के बड़ौदा पायोनीयर एसेट मैनेजमेंट के साथ एसेट मैनेजमेंट के लिये और इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के साथ जीवन बीमा के लिये संयुक्त उपक्रम भी हैं। बैंक का नैनीताल बैंक में 98.57% स्वामित्व है। बैंक ने तीन प्रादेशिक ग्रामीण बैंकों को भी प्रायोजित किया है, जिनके नाम हैं- बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक और बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक।

**अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें :**


| | |
|---|---|
| सोमसरॉय चक्रबर्ती | अर्पिता शर्मा |
| श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड | श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड |
| +91-98302 25681 | +91-88265 85643 |
| somasroy.chakraborty@srei.com | arpita.sharma@srei.com |